सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 11 अंक : 350 | इंदौर, मंगलवार 07 जुलाई, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

मैहर में बड़ा सड़क हादसा

## ट्रक में पीछे से जा घुसी तेज रफ्तार एक्सयूवी कार



● एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत

मैहर। मैहर जिले में सोमवार देर रात राष्ट्रीय राजमार्ग-30 (NH-30) पर भीषण सड़क हादसा घटित हुआ है। देहात थाना क्षेत्र के ग्राम रिगरा के पास तेज रफ्तार से दौड़ रही एक एक्सयूवी कार सामने चल रहे ट्रक के पीछे जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। उसमें सवार छह युवक कार के अंदर ही बुरी तरह फंस गए। हादसे में पांच युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार सभी युवक किसी रिश्तेदार के यहां आयोजित जन्मदिन समारोह में शामिल होकर मैहर लौट रहे थे। देर रात जब उनकी कार रिगरा गांव के पास पहुंची, तभी सामने चल रहे ट्रक से जा टकराई। हादसा इतना भयावह था कि टक्कर की आवाज दूर तक सुनाई दी और आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कार की रफ्तार काफी अधिक थी, जिसके कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और कार सीधे ट्रक के पिछले हिस्से में जा घुसी। दुर्घटना के बाद वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह दब गया और उसमें बैठे लोग अंदर ही फंस गए।

हादसे की सूचना मिलते ही डायल-112, हाईवे पेट्रोलिंग टीम, 108 एंबुलेंस और राष्ट्रीय राजमार्ग एंबुलेंस सेवा 1033 तत्काल मौके पर पहुंचीं। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से काफी देर तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। वाहन में फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी रेस्क्यू टीम ने सभी घायलों और मृतकों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक पांच युवकों की मौत हो चुकी थी। गंभीर रूप से घायल युवक को तत्काल सिविल अस्पताल अमरपाटन पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल सतना रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार हादसे में जान गंवाने वाले पांचों युवक मैहर से कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रत्याशी रहे मनीष पटेल के परिवार के सदस्य बताए जा रहे हैं। एक ही परिवार के पांच लोगों की एक साथ मौत की खबर मिलते ही पूरे परिवार में मातम छा गया। घटना की जानकारी मिलते ही रिश्तेदार, शुभचिंतक और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग अस्पताल पहुंच गए परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे इलाके में शोक की लहर फैल गई है और हर कोई इस दर्दनाक हादसे से स्तब्ध है। हादसे में मृत पांचों युवकों के शवों को 108 एंबुलेंस एवं हाईवे एंबुलेंस 1033 की सहायता से सिविल अस्पताल मैहर की मर्चुरी पहुंचाया गया। मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों को सौंपे जाएंगे। अस्पताल परिसर में देर रात से ही लोगों की भीड़ जुटी रही।

भोपाल को मिली इंडस्ट्रियल हब की नई पहचान, सीएम बोले-

# उद्योगों से बढ़ेगा रोजगार, 25 एकड़ में बनेगा कन्वेंशन सेंटर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** भोपाल के सतगढ़ी क्षेत्र में सोमवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क का भूमि-पूजन किया गया। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इसे मध्यप्रदेश के औद्योगिक विकास की नई शुरुआत बताते हुए कहा कि यह परियोजना रोजगार, निवेश और आर्थिक विकास को नई गति देगी। उन्होंने कहा कि सरकार गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के सशक्तिकरण के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर भोपाल को यह बड़ी सौगात मिली है। उन्होंने कहा कि देश के पहले उद्योग मंत्री के नाम पर बनने वाला यह स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क प्रदेश के औद्योगिक भविष्य का नया केंद्र बनेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक स्तर पर अपनी अलग पहचान बना रहा है और मध्यप्रदेश भी उसी दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। सतगढ़ी के 25 एकड़ क्षेत्र में 10 हजार क्षमता वाला एक आधुनिक कन्वेंशन सेंटर भी बनेगा। यह प्रदेश का सबसे बड़ा कन्वेंशन सेंटर होगा।

### भोपाल आधुनिक औद्योगिक केंद्र के रूप में पहचाना जाएगा

सीएम ने कहा कि नए औद्योगिक क्षेत्रों के विकसित होने से किसानों को अपनी उपज का बेहतर बाजार मिलेगा और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। गारमेंट उद्योग से कपास उत्पादकों को फायदा मिलेगा, जबकि अन्य उद्योगों से स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि सरकार खेती, उद्योग और बाजार के बीच बेहतर समन्वय बनाने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भोपाल अब केवल झीलों की नगरी ही नहीं रहेगा, बल्कि आधुनिक औद्योगिक केंद्र के रूप में भी नई पहचान बनाएगा। हाल के दिनों में शिवपुरी में डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग प्लांट और मुरैना में सोलर सेक्टर की परियोजनाओं की शुरुआत इसका उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि शिवपुरी में बनने वाली मिसाइलें देश की रक्षा क्षमता को मजबूत करेंगी।



### 10 हजार करोड़ का विदेशी निवेश प्रदेश को मिला

यादव ने कहा कि आज अमेरिका, जापान, ब्रिटेन, कनाडा और दक्षिण कोरिया जैसी बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश, मध्यप्रदेश के साथ काम कर रहे हैं। इन देशों से 10 हजार करोड़ रुपये का विदेशी निवेश भी मध्यप्रदेश को मिला है। प्रदेश में छोटे-मझोले उद्योगों की देनदारी का भुगतान किया जा चुका है। बिजली, पानी और सड़क हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हो रही है।

### यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री स्थल पर बनेगा स्मारक और अस्पताल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार यूनियन कार्बाइड के कचरे का निष्पादन कर फैक्ट्री के स्थान पर भव्य स्मारक और नया अस्पताल बनाएगी। यही गैस त्रासदी के मृतकों और पीड़ितों को सच्ची श्रद्धांजलि है। भोपाल अब एक समृद्ध नगर के रूप में पहचान बना रहा है।

### 10 लाख करोड़ के निवेश पर काम शुरू

मुख्यमंत्री ने दावा किया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 के दौरान मिले 30 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों में से लगभग 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश पर काम शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि सतगढ़ी स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क से अकेले 15 हजार से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं को उद्योगों में रोजगार मिलने पर सरकार अतिरिक्त आर्थिक सहायता भी देगी।

### आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा पार्क

कार्यक्रम में औद्योगिक नीति एवं निवेश संवर्धन विभाग के प्रमुख सचिव राघवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क लगभग 70 हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित किया जाएगा। यह राष्ट्रीय और राज्य राजमार्ग, रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से 15 किमी तथा राजा भोज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से 25 किमी की दूरी है। यहां आधुनिक औद्योगिक अधोसंरचना विकसित की जाएगी, जिससे भोपाल नई अर्थव्यवस्था और उभरते उद्योगों का प्रमुख केंद्र बन सकेगा।

## महाराष्ट्र में विनाशकारी बारिश, नाशिक में बादल फटने का अलर्ट, त्र्यंबकेश्वर मंदिर बंद

**मुंबई, (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में आफत की बारिश जारी है। खबरें हैं कि मौसम से जुड़ी घटनाओं में 10 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, नासिक में बादल फटने को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा त्र्यंबकेश्वर मंदिर को एहतियात के तौर पर बंद कर दिया है। राज्य के सबसे प्रभावित इलाकों में पुणे, कोंकण समेत कई जिले हैं।

नासिक ग्रामीण पुलिस ने पर्यटकों से जिले की यात्रा नहीं करने की अपील की है। एसपी डॉक्टर डीएस स्वामी ने कहा है कि इगतपुरी, वडिवर्हे और त्र्यंबकेश्वर पर चेक पॉइंट्स लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा है कि कलेक्टर के आदेश के बाद त्र्यंबकेश्वर और वाणी मंदिरों को मंगलवार को बंद रखने का फैसला लिया गया है। नाशिक में मंगलवार सुबह से ही तेज बारिश हो रही है और कई स्थानों पर जलभराव हो गया है।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार



को बताया है कि भारी बारिश का यह संकट आठ जुलाई तक जारी रह सकता है, जिसके कारण पूरे सरकारी तंत्र को हाई अलर्ट पर रखा गया है। उन्होंने मंगलवार को नासिक के कुछ हिस्सों में बादल फटने जैसी स्थिति बनने की आशंका भी जताई।

IMD यानी भारत मौसम विज्ञान विभाग की तरफ से कुछ क्षेत्रों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसमें मुंबई, कोल्हापुर, सतारा, सिंधुदुर्ग और रत्नागिरी जिले शामिल हैं। इनके अलावा स्थानों पर बारिश के आसार हैं।

**24 घंटे में 600 मिमी बारिश-** अधिकारियों का कहना है कि बीते दो दिनों में मुंबई-पुणे लाइन पर करजत-लोनावला घाट सेक्शन पर यातायात खासा प्रभावित हुआ है। यहां 24 घंटों में 600 मिमी बारिश हुई है। पुणे जिले में बीते दो दिनों में 22 स्थानों पर भूस्खलन की घटनाएं हुई हैं। इसके अलावा पुणे शहर में भी भयंकर जलभराव के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

● मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सुशासन विजन को साकार करने की दिशा में इंदौर जिला प्रशासन की अभिनव पहल

# कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में विकसित चैटबॉट बना नागरिकों का डिजिटल सहायक

● एक पखवाड़े में अब तक 2,900 से अधिक नागरिकों ने किया उपयोग, 29 हजार से अधिक संदेशों का हुआ आदान-प्रदान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सुशासन, पारदर्शिता एवं नागरिक-केंद्रित प्रशासन की सोच को साकार करते हुए इंदौर जिला प्रशासन ने आम नागरिकों को त्वरित एवं सरल शासकीय सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक अत्याधुनिक व्हाट्सएप आधारित चैटबॉट विकसित किया है। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में तैयार इस अभिनव डिजिटल प्लेटफॉर्म को नागरिकों का उत्साहजनक प्रतिसाद मिल रहा है।**

चैटबॉट के माध्यम से नागरिक घर बैठे अपने मोबाइल से विभिन्न शासकीय सेवाओं की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं तथा निर्धारित समय-सीमा में ऑनलाइन आवेदन की सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। इससे कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर कम हुए हैं और सेवाओं का वितरण अधिक पारदर्शी, तेज एवं प्रभावी बना है। इस चैट बॉट का नम्बर - 9407035437 है।

पिछले 15 दिनों के आँकड़े इस पहल की सफलता को स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं। इस अवधि में 2,910 नागरिकों ने चैटबॉट का उपयोग किया, जिनमें से 2,880 सक्रिय उपयोगकर्ता रहे। चैटबॉट पर 29,269 संदेश प्राप्त हुए तथा विभिन्न शासकीय सेवाओं से संबंधित 2,949 सेवा विवरण देखे गए। 2,551 नागरिकों ने सिटिजन सर्विसेज मेन्यू का उपयोग किया और 2,532 बार विभिन्न सेवाओं की जानकारी देखी गई।

चैटबॉट में उपलब्ध कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित सहायक का भी नागरिकों ने व्यापक उपयोग किया। 1,306 नागरिकों ने एआई असिस्टेंट का उपयोग किया तथा 1,173 प्रश्नों के उत्तर प्राप्त किए। इसके अतिरिक्त नागरिकों द्वारा दिए गए सुझाव एवं प्रश्नों के आधार पर चैटबॉट को लगातार और अधिक उपयोगी बनाया जा रहा है।

प्रारंभिक चरण में चैटबॉट के माध्यम से आय, जाति, मूल निवासी, जन्म एवं मृत्यु 01 वर्ष के पश्चात पंजीयन के लिये प्रमाण-पत्र आधार अपडेट सहित विभिन्न विभागों की अनेक जनसेवा संबंधी जानकारी /सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। नागरिक अपने आवेदन की स्थिति भी ऑनलाइन देख सकते हैं, जिससे पूरी प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनी है।

कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य तकनीक के माध्यम से शासन की सेवाओं को आम नागरिकों तक सहज और त्वरित रूप से पहुँचाना है। आने वाले समय में इस चैटबॉट में और अधिक विभागों तथा सेवाओं को जोड़ा जाएगा, ताकि नागरिकों को एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अधिकतम शासकीय सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

यह पहल इंदौर जिला प्रशासन द्वारा डिजिटल गवर्नेंस और सुशासन की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है, जो प्रशासन और नागरिकों के बीच संवाद को और अधिक सरल, सुलभ एवं प्रभावी बना रहा है।

## एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य विषय पर ऑनलाइन संकाय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश सरकार के तत्वावधान में महाविद्यालय के संकाय सदस्यों के लिए एक दिवसीय ऑनलाइन संकाय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह विशेष प्रशिक्षण सत्र दोपहर 12 बजे से अपराह्न 03 बजे तक आयोजित किया गया। सत्र के मुख्य वक्ता और विषय विशेषज्ञ के रूप में शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. अमित कुमार सोनी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वर्तमान समय में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी चुनौतियों को समझना और संकट की स्थिति में संकाय सदस्यों को कुशल मार्गदर्शक के रूप में तैयार करना था।

प्रशिक्षण के दौरान डॉ. अमित ने विभिन्न महत्वपूर्ण मॉड्यूल्स पर विस्तार से प्रकाश डाला, जिसमें 'साइकोलॉजिकल फर्स्ट एड' (Psychological First Aid) अर्थात प्राथमिक मनोवैज्ञानिक सहायता की तकनीकों को साझा किया गया। सत्र में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि जब कोई विद्यार्थी किसी तीव्र मानसिक संकट या अवसाद से गुजर रहा हो, तो कॉलेज स्तर पर उसकी पहचान कैसे की जाए और उसे तुरंत किन उपायों के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों से जोड़ा जाए। इसके साथ ही, विशेषज्ञों ने आत्महत्या की रोकथाम के लिए निर्धारित 'मानक संचालन प्रक्रिया' (SOP) और चेतावनी संकेतों को पहचानने के व्यावहारिक तरीकों से सभी को अवगत कराया।

सत्र के अंतिम चरण में गंभीर संकट की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया देने की रणनीतियों और विद्यार्थी की 'गोपनीयता' बनाए रखने के महत्व पर गहन चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने स्पष्ट किया कि विद्यार्थी का विश्वास जीतने और उनके आत्मसम्मान की रक्षा के लिए उनकी समस्याओं को पूरी तरह गोपनीय रखना अत्यंत आवश्यक है।

कार्यक्रम के अंत में एक प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जहाँ महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने अपनी शंकाओं का समाधान किया। अंततः, यह प्रशिक्षण कार्यक्रम संकाय सदस्यों को विद्यार्थियों के प्रति अधिक संवेदी बनाने और कॉलेज परिसर में एक सुरक्षित, स्वस्थ एवं सकारात्मक शैक्षणिक माहौल तैयार करने की दिशा में अत्यंत प्रभावकारी और सराहनीय सिद्ध हुआ। कार्यक्रम में शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय किला भवन इंदौर में प्राचार्य डॉ. बी. डी. श्रीवास्तव, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. वी.पी. बैरागी, समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्राएं उपस्थित रही। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी डॉ. नेहा गुप्ता द्वारा दी गई।

## समय-सीमा पत्रों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण को दी जाए विशेष प्राथमिकता

● कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की विभागवार की समीक्षा, लापरवाही पर नोटिस और पेनल्टी के दिये निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय में समय-सीमा (टीएल) पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर श्री नवजीवन विजय पवार तथा श्री रोशन राय, नगर निगम के अपर आयुक्त श्री आकाश सिंह एवं श्री श्रृंगार श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर कार्यालय परिसर से बाहर पदस्थ अधिकारी ऑनलाइन माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

बैठक में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों के विभागवार निराकरण की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रकरण का निराकरण निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण, तथ्यपरक एवं आवेदक की संतुष्टि सुनिश्चित करते हुए किया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की स्पष्ट मंशा है कि आम



नागरिकों की समस्याओं का समय पर प्रभावी समाधान हो, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री वर्मा ने छह प्रकरणों का रेंडम परीक्षण किया। इसमें लापरवाही पाए जाने पर लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। वहीं नगर निगम के जोन क्रमांक-18 के जोनल अधिकारी के विरुद्ध दोगुनी पेनल्टी अधिरोपित करने तथा स्वास्थ्य विभाग के लेवल-1 अधिकारी के विरुद्ध भी नियमानुसार पेनल्टी लगाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री वर्मा ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी राजस्व प्रकरणों का त्वरित एवं समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि इसके लिए प्रभावी मॉनिटरिंग व्यवस्था लागू की जा रही है तथा अब अधिकारियों द्वारा राजस्व निरीक्षकवार प्रगति की नियमित समीक्षा की जाएगी, जिससे लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित हो सके।

बैठक में इंदौर जिले में संचालित फायर सेफ्टी अभियान की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री वर्मा ने अभियान को और अधिक गति देने के निर्देश देते हुए सभी अनुविभागीय अधिकारियों (एसडीएम) से कहा कि वे सप्ताह में कम से कम दो दिन विशेष अभियान चलाकर फायर सेफ्टी मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराएं।

कलेक्टर श्री वर्मा ने अधिकारियों को बेसमेंट में पार्किंग का पूर्ण उपयोग सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि जिन भवनों में बेसमेंट पार्किंग के लिए स्वीकृत है, वहां उसका उपयोग केवल पार्किंग के लिए ही कराया जाए।

बैठक में नए शैक्षणिक सत्र को ध्यान में रखते हुए छात्रावासों में 'अपनत्व अभियान' पुनः प्रारंभ करने का निर्णय भी लिया गया। कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिए कि विभिन्न विभागों के अधिकारी छात्रावासों का नियमित भ्रमण कर वहां पेयजल, विद्युत, स्वच्छता, भोजन, सुरक्षा सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें। साथ ही विद्यार्थियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान भी सुनिश्चित किया जाए।

## साढ़े चार करोड़ रूपये की लागत से निर्मित होने वाली सांवेर की सभी 38 आंगनवाड़ी भवनों का निर्माण समय-सीमा में पूर्ण हो – मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। प्रदेश के जल संसाधन मंत्री एवं सांवेर विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री तुलसीराम सिलावट ने सोमवार को महिला एवं बाल विकास विभाग के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने सांवेर विधानसभा क्षेत्र की साढ़े चार करोड़ से निर्मित होने वाली सभी 38 आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण आगामी दो माह के भीतर पूर्ण कर शीघ्र लोकार्पण सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में बिजली, पेयजल, शौचालय, भोजन सहित सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि बच्चों एवं महिलाओं को उच्च गुणवत्ता वाला पोषण आहार नियमित रूप से उपलब्ध कराया जाए तथा केंद्रों के संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यदि किसी आंगनबाड़ी केंद्र में किसी प्रकार की समस्या या बाधा सामने आती है तो उसका तत्काल संज्ञान लेकर शीघ्र निराकरण किया जाए, ताकि हितग्राहियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी रजनीश सिन्हा, बाल विकास परियोजना अधिकारी विक्रम सिंह चौहान, मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुसुम मंडलोई, प्रियंका टेगोर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी पारेगी गोयल, जोनल अधिकारी आनंद रेदास, अनिल शर्मा सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# सत्यसाई चौराहे पर गड्ढों और कीचड़ में फंस रहे वाहन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। सबसे व्यस्त यातायात मार्गों में शामिल सत्यसाई चौराहे पर निर्माणाधीन 6-लेन फ्लायओवर अब लोगों के लिए सुविधा से ज्यादा परेशानी का कारण बनता जा रहा है। मध्यप्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एमपीआरडीसी) की देखरेख में 62 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे इस फ्लायओवर की निर्धारित समय सीमा मार्च 2026 में समाप्त हो चुकी है, लेकिन तीन महीने से ज्यादा समय बीत जाने के बावजूद प्रोजेक्ट का केवल 40% का ही पूरा हो सका है।



निर्माण काम की धीमी गति और एजेंसी की लापरवाही के चलते पूरा चौराहा गहरे गड्ढों, कीचड़ और निर्माण सामग्री के मलबे से अटा पड़ा है। इसका खामियाजा रोजाना हजारों वाहन चालकों को भुगतना पड़ रहा है। देवास नाका से विजयनगर की ओर जाने वाले मार्ग पर कई बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिनमें बारिश का पानी भरने से वाहन चालकों को उनकी गहराई का अंदाजा तक नहीं लग पाता। सत्यसाई स्कूल के समीप सड़क की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि दोपहिया और चारपहिया वाहनों का संतुलन बिगड़ने का खतरा बना रहता है। वहीं, एबी रोड से बसंत विहार कॉलोनी की ओर जाने वाले मार्ग पर 15 से 20 फीट लंबे और करीब दो फीट गहरे गड्ढे लोगों की परेशानी बढ़ा रहे हैं। सड़क पर फैली गिट्टी और निर्माण सामग्री के कारण वाहन फिसल रहे हैं और कीचड़ में फंस रहे हैं। कई स्थानों पर चैंबर के ढक्कन धंस जाने से दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है। फ्लायओवर की गर्डर लॉन्चिंग का अधिकांश कार्य पूरा हो चुका है, लेकिन इसके बावजूद सर्विस रोड का बड़ा हिस्सा अब भी बैरिकेड्स से घिरा हुआ है। यदि निर्माण एजेंसी समय पर सड़क सुधार कर बैरिकेड्स हटा देती तो यातायात के लिए अतिरिक्त जगह उपलब्ध हो सकती थी और जाम की समस्या काफी हद तक कम हो जाती। स्थिति यह है कि विजयनगर से देवास नाका की ओर जाने वाले संकरे मार्ग पर दुकानदारों द्वारा सड़क किनारे पार्किंग कराए जाने से यातायात और अधिक प्रभावित हो रहा है।

## महाविद्यालय में साइबर सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, किला भवन, इंदौर में प्राचार्य डॉ. बी. डी. श्रीवास्तव के संरक्षण, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. वी.पी. बैरागी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) प्रभारी प्रो. शीतल ब्राह्मणे के तत्वावधान में दिनांक 06 जुलाई 2026 को साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना तथा सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार के प्रति प्रेरित करना था।

कार्यक्रम में मल्हारगंज थाने के उप निरीक्षक गुंजन पटेल एवं ध्रुव प्रधान, आरक्षक गोविंद मीणा, मनोज चौधरी लोकेंद्र एवं राहुल प्रधान उपस्थित रहे । उप निरीक्षक गुंजन पटेल ने छात्राओं को साइबर अपराध के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की एवं उससे बचने हेतु विभिन्न प्रकार की सावधानियों से अवगत कराया गया । उप निरीक्षक ध्रुव प्रधान द्वारा साइबर सुरक्षा से संबंधित विभिन्न विषयों जैसे ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग, साइबर बुलिंग, डिजिटल भुगतान सुरक्षा, सोशल मीडिया सुरक्षा एवं व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीयता के संरक्षण पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। छात्राओं को मजबूत पासवर्ड के उपयोग, संदिग्ध लिंक से बचाव तथा साइबर अपराध की स्थिति में आवश्यक कार्रवाई एवं शिकायत प्रक्रिया के बारे में भी अवगत कराया गया।

महाविद्यालय प्रशासन ने छात्राओं से अपील की कि वे इंटरनेट एवं सोशल मीडिया का उपयोग करते समय सतर्कता एवं जिम्मेदारी का परिचय दें तथा साइबर सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करें। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, अतिथि विद्वान, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्राओं ने सहभागिता कर साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया ।

## एडवाइजरी कंपनी संचालक सहित पांच आरोपियों ने किया सरेंडर



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)


**इंदौर**। तुकोगंज क्षेत्र में संचालित एक एडवाइजरी कंपनी के संचालक और उसके साथियों द्वारा दो युवकों के कथित अपहरण और मारपीट के मामले में पुलिस ने पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। करीब डेढ़ माह पुराने इस मामले में पुलिस ने आरोपियों की तलाश में ऋषिकेश और लखनऊ में दो बार दबिश दी थी, लेकिन वे हाथ नहीं लगे। आखिरकार दो दिन पहले सभी आरोपियों ने स्वयं पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया।

विजयनगर थाना पुलिस के अनुसार धार निवासी कुंदन मीणा और सौरभ कुमार की शिकायत पर 27 मई को मनीष पांडे, अभिषेक कक्कड़, मोहित शर्मा (निवासी ऋषिकेश), अरुण (निवासी देवास) और अभिषेक रघुवंशी (निवासी नर्मदापुरम) के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया था कि एडवाइजरी कंपनी के ग्राहकों को लेकर हुए विवाद के बाद आरोपियों ने उन्हें विजयनगर स्थित एक होटल में बुलाया, जहां कथित रूप से बंधक बनाकर उनके साथ मारपीट की गई। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश में ऋषिकेश और लखनऊ में दो बार दबिश दी, लेकिन वे नहीं मिले। बाद में पांचों आरोपियों ने स्वयं इंदौर पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने आरोपियों को दो दिन की रिमांड पर लेकर पूछताछ की। रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद सोमवार को सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

## रियल एस्टेट कारोबारी मनीष बिड़ला की हार्ट अटैक से मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। बिचौली मर्दाना क्षेत्र में रहने वाले रियल एस्टेट कारोबारी मनीष बिड़ला की 52 वर्ष की उम्र में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। वे फिटनेस को लेकर बेहद सजग रहते थे और मैराथन में भी भाग लेते थे। उनकी मौत ने उनके दोस्तों और परिचितों को सोचने पर मजबूर कर दिया कि संतुलित जीवनशैली और नियमित व्यायाम करने के बावजूद हार्ट अटैक क्यों आ रहे हैं। इसे लेकर डॉक्टरों का कहना है कि नियमित व्यायाम करने के बावजूद हार्ट अटैक होने के मामलों में ज्यादातर कारण आनुवंशिक होते हैं या व्यक्ति को पहले से कोई हृदय संबंधी बीमारी होती है, जिसके बारे में उसे जानकारी नहीं होती।



मनीष को रविवार दोपहर अचानक सीने में दर्द उठा। वे अपने भतीजे के साथ कार से रिंग रोड स्थित एक निजी अस्पताल के लिए निकले, लेकिन रास्ते में ही उन्हें तेज दर्द होने लगा। भतीजा कुछ समझ नहीं पाया। जब वह मनीष को लेकर अस्पताल पहुंचा, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। सोमवार को उनका अंतिम संस्कार रीजनल पार्क मुक्तिधाम में किया गया। मनीष के दोस्तों का कहना है कि वे नियमित रूप से जिम जाते थे और शहर में होने वाली लगभग हर मैराथन में भाग लेते थे। फिटनेस का इतना ध्यान रखने वाले व्यक्ति को दिल का दौरा पड़ना सभी के लिए हैरानी की बात है। आमतौर पर यह देखा जाता है कि जो व्यक्ति फिटनेस पर ध्यान देता है और संतुलित आहार लेता है, वह यह मान लेता है कि उसे कोई गंभीर बीमारी नहीं हो सकती। जबकि दिल का दौरा पड़ने के कई कारण हो सकते हैं। यदि परिवार में हृदय रोग का इतिहास रहा हो, तो इसका खतरा बढ़ जाता है। लोगों को नियमित स्वास्थ्य जांच करानी चाहिए। 50 वर्ष की उम्र के बाद शरीर में होने वाले किसी भी बदलाव या लक्षण को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

## प्रेमिका से दूर होने से तनाव में होटल संचालक ने किया सुसाइड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। विजयनगर थाना क्षेत्र में एक होटल संचालक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार सुबह परिवार के लोगों को घटना की जानकारी लगी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें मृतक ने परिवार से माफी मांगते हुए अपनी मौत के लिए स्वयं को जिम्मेदार बताया है।



पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान कुंदन पुत्र नाथूलाल शर्मा निवासी मालवीय नगर के रूप में हुई है। कुंदन अपने घर के नीचे ही होटल का संचालन करता था। रविवार रात वह परिवार के साथ समय बिताने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया था। सोमवार सुबह जब परिजन उसे उठाने पहुंचे तो वह कमरे में फंदे से लटका मिला। सबसे पहले उसके छोटे भाई ने उसे देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि कुंदन का नागदा निवासी शिवानी से वर्ष 2011 से प्रेम संबंध था और दोनों लंबे समय तक साथ रहे थे। परिजनों के अनुसार कुछ समय पहले दोनों का संबंध टूट गया था, जिसके बाद से कुंदन मानसिक तनाव में रहने लगा था। परिवार ने पुलिस को बताया कि कुंदन के परिवार में पिता और दो भाई हैं। उसकी मां का कुछ समय पहले निधन हो चुका है। पुलिस को होटल के हिसाब-किताब की एक कॉपी में लिखा सुसाइड नोट मिला है। इसमें कुंदन ने अपने परिवार से माफी मांगी है। साथ ही उसने लिखा है कि उसे युवती से दूर करने वालों का 'धन्यवाद' और अपनी मौत के लिए किसी अन्य को नहीं, बल्कि स्वयं को जिम्मेदार ठहराया है।

यदि आप साहस और निर्भीकता के साथ 'खोजी पत्रकार' के रूप में कार्य करना चाहते है...
अपने आसपास के भ्रष्टाचार-अपराध-अव्यवस्थाओं को उजागर करना चाहते है...
तो आइए हमारे समाचारपत्र/न्यूज वेबपोर्टल/यूट्यूब चैनल के साथ 'क्राइम रिपोर्टर' के रूप में कार्य करे।
★★★★★
कृपया हमारी वेबसाइट पर जाकर खुद को रजिस्टर्ड करे। या फिर हमें आपका पूरा बॉयोडाटा मेल करे
www.dgr.co.in
www.detectivegroupreport.com
detectivegroupreport@gmail.com
(आपके सुझाव/लेख/न्यूज़/सूचना का सदैव स्वागत है)

# राज्य सरकार इसी माह समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में है : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जनसंघ के संस्थापक और प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक, श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर लालघाटी स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर पौधरोपण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का स्मरण करते हुए कहा कि भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पूरे सम्मान के साथ मनाई जा रही है। डॉ. मुखर्जी के 'एक देश-एक विधान-एक निशान-एक प्रधान' के संकल्प को साकार करने की दिशा में मध्यप्रदेश सरकार निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में राज्य सरकार इसी माह समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने की दिशा में अग्रसर है।

**प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में भारत ने विश्व में बनाई विशेष पहचान-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति करते हुए विश्व में विशेष पहचान बनाई है। डॉ. मुखर्जी ने देश और समाज के सर्वांगीण विकास की कल्पना की। राज्य सरकार ने डॉ. मुखर्जी की जयंती के अवसर पर 15 दिवसीय जनकल्याण पखवाड़े की शुरुआत की है, जिसके अंतर्गत प्रदेश के सभी गरीब, जरूरतमंद और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जा रहा है। राज्य सरकार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए औद्योगिक विकास पर विशेष ध्यान दे रही है। इस दिशा में रोजगार के अवसर सृजित होने से हर वर्ग का कल्याण सुनिश्चित हो पा रहा है।



### अब मध्यप्रदेश की धरती पर बनेंगे, रक्षा क्षेत्र के उपकरण, मिसाइल और हथियार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश ने रक्षा क्षेत्र में नया इतिहास रचा है। अब रक्षा क्षेत्र के कई उपकरण, मिसाइल और हथियार मध्यप्रदेश की धरती पर बनेंगे। चंबल की धरती सालों से मां भारती की सेवा करने वाले वीर सैनिकों की भूमि रही है। अब यहां आधुनिक हथियार भी तैयार किए जाएंगे। यह मिसाइल एक हजार किलोमीटर तक दुश्मन के ठिकानों को ध्वस्त करने की क्षमता वाली होंगी। कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ विधायक हेमंत खंडेलवाल, विधायक रामेश्वर शर्मा, रवीन्द्र यति, जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

**हर क्षेत्र में तेजी से विकास करते हुए आगे बढ़ रहा है मध्यप्रदेश-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशानुसार बना दिल्ली में बना भारत मंडपम हमारे लिए एक आदर्श उदाहरण है। डॉ. मुखर्जी की जयंती पर आज भोपाल के सतगढ़ी में मध्यप्रदेश के सबसे बडे कन्वेंशन सेंटर और सतगढ़ी स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क की आधारशिला रखी जा रही है। राज्य सरकार कुशाभाऊ ठाकरे सभागार के पास एक आधुनिक कन्वेंशन सेंटर तैयार कर रही है, जिसकी क्षमता 5 हजार सीट्स की रहेगी। सतगढ़ी में बनने वाले नए विशाल कन्वेंशन सेंटर में 10 हजार से अधिक व्यक्तियों की व्यवस्था है। भोपाल सबसे समृद्ध और सशक्त राजधानी बनने जा रहा है। हमारा प्रदेश हर क्षेत्र में तेजी से विकास करते हुए आगे बढ़ रहा है।

# एमपी वक्फ बोर्ड में हिंदू सदस्य कांग्रेस विधायक को नहीं है यह मंजूर

## आरिफ मसूद जाएंगे सुप्रीम कोर्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। एमपी में वक्फ बोर्ड का पुनर्गठन किया गया है। इसमें दो हिंदू सदस्यों को जगह मिली है। इसे लेकर कांग्रेस के मुस्लिम विधायकों ने विरोध किया है। कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद ने कहा है कि यह कदम जल्दबाजी में उठाया गया है क्योंकि यह मामला अभी सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है।**



दरअसल, राज्य सरकार ने हाल ही में नए वक्फ कानून के प्रावधानों के तहत मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड का पुनर्गठन किया है। ऐसा करने वाला एमपी पहला राज्य बन गया है। नए गठित 10-सदस्यीय बोर्ड में पहली बार दो गैर-मुस्लिम विशेषज्ञ और चार महिला सदस्य शामिल हैं। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य और कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद ने दावा किया है कि मुस्लिम समुदाय के बाहर के सदस्यों को शामिल करने का मुद्दा उन मुख्य बिंदुओं में से एक है, जिनकी सुप्रीम कोर्ट परीक्षण कर रहा है। कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद ने कहा कि वक्फ बोर्ड में दूसरे समुदाय के सदस्यों को शामिल करना अनुचित है क्योंकि मामला अभी सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है।सुप्रीम कोर्ट ने खुद दो मुद्दों पर संज्ञान लिया था, जिनमें से एक यह था कि दूसरे समुदाय के किसी भी व्यक्ति को शामिल नहीं किया जाना चाहिए। कोर्ट ने यह टिप्पणी हमारे पर्सनल लॉ बोर्ड और अन्य याचिकाकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत तर्कों के आधार पर की थी। मसूद ने पूछा है कि जब पूरी प्रक्रिया अभी चल रही है तो मध्य प्रदेश सरकार ने इतनी जल्दबाजी क्यों की। देश भर की अन्य राज्य सरकारें ऐसे फैसले नहीं ले रही हैं। फिर भी मोहन यादव सरकार ऐसा कर रही है। इसके अलावा एक और उल्लंघन यह है कि प्रवाधान दूसरे समुदाय के दो सदस्यों के लिए था लेकिन आपने तीन नियुक्त किए। मैं इस फैसले का विरोध करता हूं। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाऊंगा। मध्य प्रदेश की सरकार ने यह कदम उठाते हुए, नवगठिक वक्फ बोर्ड में दो हिंदू सदस्यों को शामिल किया है। इसे लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई है। सनवर पटेल को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बोर्ड में दो हिंदू सदस्य मनोज मालपानी और अनिमेष भार्गव हैं। गौरतलब है कि पांच अप्रैल 2025 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वक्फ संशोधन बिल को मंजूरी दी थी। इसे दोनों सदनों में तीखी बहस के बाद पारित किया गया था। इसे लेकर ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड पहले ही सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा चुकी है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में हुए एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर

# मध्यप्रदेश के मछली उत्पादन को मिली अंतर्राष्ट्रीय पहचान



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अन्नदाता की समृद्धि के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से किसान कल्याण वर्ष में प्रदेश में पशुपालन, मत्स्य पालन जैसी आय बढ़ाने वाली गतिविधियों को प्रोत्साहित या बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रदेश में तालाबों और जलाशयों के बेहतर प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अन्नदाता की समृद्धि के लिए कृषि के साथ-साथ मत्स्य पालन क्षेत्र में भी अपार संभावनाएं विकसित हो रही हैं। प्रदेश के मछुआरा समुदाय के लोग मछली पालन जरिए ही अपनी आजीविका चलाते हैं। इन सबकी बेहतरी के लिए मध्यप्रदेश एकीकृत मत्स्योद्योग नीति 2026 के अंतर्गत गतिविधियों को अंतर्राष्ट्रीय विस्तार दिया जा रहा है।

आज कुवैत की अग्रणी मत्स्य कंपनी और कामदार्स केयर इंदौर के बीच हुआ एग्रीमेंट प्रदेश में मत्स्य पालन और मछुआ कल्याण के क्षेत्र में नया इतिहास रचेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में कुवैत की अग्रणी मत्स्य कंपनी-ज़बेदी अल कुवैत फिशरीज कंपनी और कामदार्स केयर इंदौर के बीच, प्रदेश में 7 हजार 430 करोड़ रुपए के निवेश और बाय बैक एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर हुए। यह एग्रीमेंट मध्यप्रदेश एकीकृत मत्स्योद्योग नीति 2026 के अंतर्गत हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में एग्रीमेंट पर हुए हस्ताक्षर के बाद यह विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नारायण सिंह पंवार, विधायक रामेश्वर शर्मा तथा कुवैत फिश ट्रेड यूनियन के निदेशक मंडल के अध्यक्ष फारेस बौकम्माज़ उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में मत्स्य पालन विकास के लिए पर्याप्त जलसंरचनाओं के भंडार हैं। इससे देश की खाद्य आवश्यकताओं की पूर्ति करने के साथ-साथ निर्यात को भी बढ़ावा मिलेगा। कृषि और खाद्यान्न के विकास को लेकर मध्यप्रदेश में अपार संभावनाएं हैं। कुवैत हमारा मित्र देश है, प्रदेश में विदेशी निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए राज्य सरकार पूर्ण समर्पण के साथ तेजी से कार्य कर रही है, अब इसके सुखद परिणाम भी लगातार सामने आ रहे हैं।

# हरभजन बनकर नौकरी करने वाला निकला साबिर अली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा, एजेंसी।** 'पहचान छिपाकर शराब दुकान में काम करने और 5.46 लाख रुपये लेकर फरार होने का मामला सामने आया है। कोतवाली पुलिस ने आरोपी को दिल्ली और पंजाब में दबिश देकर गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी खुद को हरभजन बताकर पिछले तीन महीने से शराब दुकान में काम कर रहा था, जबकि उसका असली नाम साबिर अली है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी साबिर अली (44) उत्तराखंड के उधमपुर नगर का रहने वाला है। पूछताछ में उसने बताया कि उसका पालन-पोषण पंजाबियों के बीच हुआ था। इसी वजह से उसे पंजाबी भाषा और सिख संस्कृति की अच्छी जानकारी थी। पुलिस के अनुसार, इसी का फायदा उठाकर वह हरभजन नाम से लोगों के बीच रह रहा था। वह गुरुद्वारे में अरदास भी करता था, जिससे किसी को उस पर शक नहीं हुआ। गिरफ्तारी के बाद पुलिस को आरोपी के पास से दो अलग-अलग पहचान पत्र मिले। एक पहचान पत्र में उसका नाम साबिर अली, पिता मोहम्मद शाह, निवासी उधमपुर नगर (उत्तराखंड) दर्ज है। दूसरे पहचान पत्र में वह हरभजन नाम से दर्ज मिला। पुलिस का कहना है कि इन्हीं दस्तावेजों से मामले का खुलासा हुआ।

# 'ग्रीन कुंभ' मॉडल: हरियाली की छांव में होगा सिंहस्थ 2028

**उज्जैन, एजेंसी।** पहली बार उज्जैन में 2028 में होने वाला सिंहस्थ कुंभ पर्यावरण की प्राथमिकताओं के साथ होगा। ग्रीन कुंभ में 10 लाख पौधों से हरित कॉरिडोर तैयार किया जाएगा। ग्रीन कुंभ की शुरुआत हो चुकी है। तीन लाख से अधिक गड्ढों की खुदाई पूरी कर ली गई है। योजना का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा सिंहस्थ क्षेत्र की 114 किलोमीटर लंबी सड़कों को हरित कॉरिडोर में बदलना है। इन मार्गों के दोनों ओर 84 हजार बड़े और छायादार पौधे लगाए जाएंगे। इनमें मुख्य रूप से नीम, करंज, जामुन और अन्य छायादार प्रजातियों के 10 से 12 फीट ऊंचे पौधे लगाए जाएंगे। इन प्रजातियों का चयन इसलिए किया गया है कि ये कम समय में अच्छी वृद्धि कर सकें और सिंहस्थ-2028 तक श्रद्धालुओं को प्राकृतिक छाया उपलब्ध करा सकें। बढ़ते तापमान और हीटवेव को देखते हुए यह चयन केवल सुंदरीकरण के लिए नहीं, बल्कि जलवायु अनुकूल अधोसंरचना विकसित करने की रणनीति का हिस्सा है।

## संपादकीय

# सिर्फ खेती नहीं, अब हर सेवा में हिस्सेदारी

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहकारिता क्षेत्र के विस्तार को लेकर सोमवार को बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि सरकार जल्द ही एक 'कोऑपरेटिव लाइफ इंश्योरेंस कंपनी' बनाने जा रही है। इसके साथ ही आने वाले दिनों में भारत टैक्सी की तर्ज पर 'यूटिलिटी एग्रीगेटर कोऑपरेटिव' विकसित करने की भी योजना है। शाह ने सोमवार को एक कार्यक्रम के दौरान अमित शाह ने कहा, 'श्वेत क्रांति-2 के माध्यम से हम सहकारी डेयरियों का एक मजबूत नेटवर्क तैयार करना चाहते हैं। सभी राज्यों के डेयरी फेडरेशनों से आग्रह करते हुए उन्होंने कहा कि अगले दो सालों में दूध देने वाले किसानों की संख्या में कम से कम 35 प्रतिशत की बढ़ोतरी का लक्ष्य रखें। इसका मतलब है कि 35 प्रतिशत अधिक गांवों में नये पैक्स बनाने होंगे और प्राथमिक डेयरी समितियां स्थापित करनी होंगी। गांव का कोई भी किसान ऐसा न रहे जो डेयरी को दूध न देता हो। सहकारी चीनी क्षेत्र में हमने चीनी, इथेनॉल, बगास, ऊर्जा, प्रेसमड, जैविक खाद और सल्फर बनाने तक की पूरी व्यवस्था लागू कर दी है। यह प्रयोग सफल रहा है। इसके लिए भी हमने सहकारी समितियां बना दी हैं।' क्लस्टर आधारित सहकारी समितियों के माध्यम से हर डेयरी को निवेश नहीं करना पड़ेगा। शाह ने कहा कि हमने गन्ने के अधिक मूल्य भुगतान पर कर राहत दिलाई है। पुराने कर विवादों का समाधान किया है। गन्ने के क्षेत्र में अकेले 46 हजार करोड़ रुपये का किसानों का इनकम टैक्स प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने माफ किया है। उन्होंने आगे कहा कि भारत टैक्सी की तर्ज पर हम यूटिलिटी एग्रीगेटर कोऑपरेटिव को आने वाले दिनों में और विकसित करने वाले हैं। अमित शाह ने कहा कि यूटिलिटी एग्रीगेटर ऐसा प्लेटफॉर्म होगा, जहां कई तरह की सेवाओं को एक ही जगह उपलब्ध कराया जाएगा। सरकार का उद्देश्य सहकारी मॉडल के जरिए लोगों को सेवाओं से जोड़ना और रोजगार के नए अवसर पैदा करना है। भारत की पहली सहकारी मॉडल वाली राइड-हेलिंग सेवा भारत टैक्सी में फिलहाल करीब 6 लाख ड्राइवर और 36 लाख से ज्यादा ग्राहक रजिस्टर्ड हैं।

## Health is Wealth

# प्रेग्नेंसी के छठे महीने में क्या करें और क्या बिल्कुल ना करें? डॉक्टर की सलाह



प्रेग्नेंसी का छठा महीना कई मायनों में खास होता है। इस समय तक मां का बेबी बंप साफ दिखाई देने लगता है और बच्चे की हलचल भी पहले से ज्यादा महसूस होने लगती है। कई महिलाएं इस दौरान खुद को पहले से ज्यादा एनर्जेटिक महसूस करती हैं, लेकिन इसका मतलब यह बिल्कुल नहीं कि अब सावधानी की जरूरत नहीं है।

दरअसल, यही वह समय होता है जब बच्चे का विकास तेजी से हो रहा होता है और मां के शरीर में भी लगातार बदलाव आते रहते हैं। इसलिए खान-पान, आराम, व्यायाम और रोजमर्रा की आदतों का सही होना बेहद जरूरी है। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर वैदेही मराठे बता रही हैं कि इस समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए और किन गलतियों से बचना जरूरी है।

### छठे महीने में क्या करें?

1. **संतुलित और पौष्टिक खाना खाएं:** हर दिन ऐसा खाना खाएं जिसमें प्रोटीन, आयरन, कैल्शियम, फल, हरी सब्जियां और साबुत अनाज शामिल हों। यह मां और बच्चे, दोनों के लिए जरूरी है।
2. रोज हल्की सैर या व्यायाम करें: अगर डॉक्टर ने मना नहीं किया है, तो रोज हल्की सैर या आसान व्यायाम करें। इससे शरीर एक्टिव रहता है और कई परेशानियां कम हो सकती हैं।
3. भरपूर आराम करें: इस समय शरीर को पहले से ज्यादा आराम की जरूरत होती है। रोज पर्याप्त नींद लें और बीच-बीच में भी आराम करें।
4. भरपूर पानी पिएं: शरीर में पानी की कमी ना होने दें। दिनभर पर्याप्त पानी और दूसरे स्वास्थ्यवर्धक पेय लेते रहें।
5. दवाएं समय पर लें: जो भी विटामिन या दूसरी दवाएं डॉक्टर ने लिखी हैं, उन्हें बिना भूले समय पर लें।
6. बच्चे की हलचल पर ध्यान रखें: अगर बच्चे की हलचल पहले से कम महसूस हो रही है, तो इसे इग्नोर ना करें।

### छठे महीने में क्या ना करें?

1. धूम्रपान, शराब और नशे से दूर रहें: ये आदतें बच्चे की ग्रोथ पर बुरा असर डालती हैं।
2. बहुत भारी सामान ना उठाएं: इससे शरीर पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है।
3. ज्यादा जंक फूड और मीठा खाने से बचें: बहुत ज्यादा तला-भुना और मीठा खाना वजन और ब्लड शुगर बढ़ा सकता है।
4. तनाव और नींद की कमी से बचें: ज्यादा तनाव और कम नींद मां और बच्चे दोनों पर असर डाल सकते हैं।

### इन्हें बिल्कुल ना इग्नोर करें

अगर खून आना शुरू हो जाए, पेट में तेज दर्द हो या बच्चे की हलचल कम लगे, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

**याद रखें**! हर महिला की प्रेग्नेंसी अलग होती है। इसलिए किसी दूसरी महिला का अनुभव आपके लिए सही हो, यह जरूरी नहीं। अपने शरीर में होने वाले बदलावों को समझें और हर जरूरी फैसले से पहले डॉक्टर से सलाह लें।

# डॉक्टर ने बताया पेट से जुड़ी ये 3 गलतियां कभी ना करें, बिगाड़ देंगी डाइजेशन सिस्टम

पेट खराब हो तो पूरा शरीर थका हुआ और बीमार सा लगता है। बीमारियों से दूर रहने के लिए डाइजेशन का सही रहना जरूरी है। लेकिन लोग इसे सही रखने पर फोकस नहीं करते। नतीजा कभी पेट दर्द, कभी कब्ज,एसिडिटी, सीने में जलन और ब्लोटिंग जैसी समस्या परेशान करती है। जिससे निपटने के लिए ज्यादातर लोग गोलियों पर निर्भर रहते हैं। जबकि पाचन ऐसी चीज है जो पूरी तरह से आपके खानपान और आदतों पर टिकी है। गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डॉक्टर जोसेफ ने शेयर किया है कि अपनी डाइजेस्टिव हेल्थ सुधारनी है तो 3 काम जिन्हें भूलकर भी नहीं करना चाहिए। ये आपके पाचन सिस्टम को बिगाड़ देती है। सबसे खास बात कि डॉक्टर की बताई ये बातें रिसर्च अप्रूव हैं और स्टडी कहती है कि इन चीजों से पाचन तंत्र को नुकसान पहुंचता है।



### स्टूल सॉफ्ट करने वाली दवा

द स्टमक डॉक नाम के इंस्टाग्राम पेज पर गेस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डॉक्टर जोसेफ ने शेयर किया है कि Colace नाम की दवा जो कि लैक्सेटिवल डॉक्यूसेट सोडियम है, स्टूल को सॉफ्ट करने का काम करती है। स्टडी के बताती है कि प्लेसिबो से बेहतर नहीं है। अमेरिकन जर्नल ऑफ गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट में पब्लिश स्टडी के मुताबिक डॉक्यूसेट आपके लैट्रिन को सॉफ्ट करता है ये केवल एक गलतफहमी है, क्लीनिकल ट्रायल में पाया गया कि ये प्लेसिबो से ज्यादा बेहतर नहीं है। मरीज कई दूसरे स्टूल सॉफ्टनिंग थेरेपी से भी आराम पा सकते हैं।

कब्ज को सही करना है और स्टूल सॉफ्ट करना है तो दूसरे सप्लीमेंट्स का यूज करना बेहतर है जैसे ईसबगोल की भूसी, जो फाइबर इनटेक को पूरा करती है, साथ ही फिजिकल एक्टीविटी बढ़ाना जरूरी है और पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए। वहीं कब्ज दूर रखने वाले फ्रूट जैसे कीवी को रोजाना खाना चाहिए।

### दवाएं, जो बिगाड़ देंगी डाइजेशन

आपके डाइजेशन सिस्टम को बिगाड़ने में कुछ दवाओं का भी योगदान होता है, जैसे Ibuprofen and Naproxen। लगातार लंबे टाइम तक इन दवाओं को खाने से नुकसान होता है। गेस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट ने बताया कि उन्होंने कई अल्सर ब्लीडिंग के केस ट्रीट किए हैं क्योंकि ये दवाएं ब्लड थिनर का काम करती है और काफी सारे लोगों को इस बात की जानकारी नहीं है। क्लीनिकल मेडिसिन में पब्लिश स्टडी के मुताबिक नॉन स्टेरॉएड एंटी इंफ्लेमेटरी दवाएं गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल ब्लीडिंग, पेप्टिक अल्सर जैसी बीमारियों का कारण हो सकती है।

### गले में निगलने की समस्या

अगर किसी को खाना निगलने में दिक्कत हो रही तो इस समस्या को बिल्कुल भी इग्नोर ना करें। फौरन अपर एंडोस्कोपी टेस्ट करवाएं और पता करें कि आखिर इस समस्या का कारण क्या है।

**Uttarpradesh**

# राम मंदिर दान चोरों ने वीआईपी ट्रीटमेंट के नाम पर भी खूब की कमाई, परत दर परत खुलने लगे राज

**अयोध्या, (एजेंसी)** अयोध्या में राम मंदिर दान चोरी में गिरफ्तार आठ आरोपियों में से तीन अनुकल्प मिश्रा, लवकुश और करुणेश ने वीआईपी दर्शन कराने के नाम पर भी खूब कमाई की है। इनका संपर्क कई नामी होटलों, ट्रेवल्स और टूर ऑपरेटरों से मिला है। प्रतिष्ठित होटलों में इनका सिक्का चलता था। यहां खूब रुपए लुटाए जाते रहे। इनके मोबाइल फोन की जांच में कई खुलासे सामने आ रहे हैं। इनके सीने में कई राज दफन हैं। इसीलिए इनसे बार-बार पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने सोमवार को इन तीनों को कस्टडी रिमांड पर देने की न्यायालय से मांग की है। मंगलवार को एक बार



फिर इनसे कई जानकारियों की पुष्टि की जाएगी। इससे पहले भी आरोपियों ने कई अहम जानकारियां पुलिस को दी हैं जिसमें कई अचल संपत्तियों की जानकारी मिली है।

राम मंदिर दान चोरी मामले की जांच की कार्रवाई जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है वैसे-वैसे परत दर परत मामला खुलता जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि सभी आरोपियों को प्रतिदिन चोरी हुए रुपयों की जानकारी होती थी। एक साथ बैठकर सभी बंटवारा करते थे। सूत्र बताते हैं कि गणना कक्ष में कुछ बुजुर्ग कर्मचारियों के होने का फायदा आरोपी उठाते थे। एक जगह पर ज्यादा देर बैठने के कारण जैसे कुछ कर्मचारी झपकी लेते थे यह उसी समय नोट की गड्डी पार कर देते थे।

**Uttarpradesh**

## पति को खटिए से बांधकर सटाए बिजली के तार, मार- मारकर पत्नी ने किया लहुलुहान

**फतेहपुर, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में पति के साथ मारपीट और प्रताड़ना का एक और सनसनीखेज मामला सामने आया है.आरोप है कि पत्नी ने पति को रातभर बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा और बिजली का करंट भी लगाया.पुलिस ने घायल पति को अस्पताल में भर्ती कराया और आरोपी पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए हिरासत में ले लिया है. आपको बता दें मामला जिले के औंग थाना क्षेत्र के परसदेवपुर गांव का है.जहां सोमवार सुबह पुलिस को डायल 112 के माध्यम से सूचना मिली कि एक व्यक्ति घायल अवस्था में पड़ा है.सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि घायल संजीव तिवारी खून से सना और चारपाई से बंधा था. उसको इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर कर दिया है. अस्पताल में संजीव तिवारी ने पुलिस को बताया कि उनकी पत्नी ने रविवार रात उन्हें चारपाई में बांधकर बंधक बना लिया और उनके साथ जमकर मारपीट की.

**Uttarakhand**

## हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर में बड़ा बदलाव अब पुजारी पहनेंगे बिना जेब वाले कुर्ते

**हरिद्वार, (एजेंसी)** उत्तराखंड के प्रसिद्ध मां मनसा देवी मंदिर में चढ़ावे की व्यवस्था को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए मंदिर ट्रस्ट ने बड़ा फैसला लिया है. अब मंदिर में सेवा देने वाले सभी पुजारी बिना जेब वाले कुर्ते पहनेंगे. इसके साथ ही मंदिर में आने वाले दान और चढ़ावे की निगरानी के लिए सात सदस्यीय पर्यवेक्षण समिति का भी गठन किया गया है. मंदिर प्रशासन का कहना है कि इन कदमों का उद्देश्य श्रद्धालुओं के विश्वास को और मजबूत करना तथा चढ़ावे के प्रबंधन में पूरी पारदर्शिता सुनिश्चित करना है.

यह निर्णय हाल के दिनों में अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावा चोरी को लेकर सामने आए विवाद के बाद लिया गया है. हालांकि मंदिर ट्रस्ट ने स्पष्ट किया है कि नई व्यवस्था भविष्य में किसी भी तरह की अनियमितता की आशंका को खत्म करने और



जवाबदेही बढ़ाने के लिए लागू की जा रही है. नई व्यवस्था के तहत पुजारियों के कुर्तों में किसी प्रकार की जेब नहीं होगी. वहीं, सात सदस्यीय समिति मंदिर में प्राप्त होने वाले दान और चढ़ावे की नियमित निगरानी करेगी. यदि जांच के दौरान किसी भी स्तर पर अनियमितता सामने आती है तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी.

**New Delhi**

**बड़ी साजिश नाकाम**

## आनंद विहार-सिविल लाइंस में हमले की थी तैयारी

### पाकिस्तान से वीडियो कॉल पर मिल रहे थे निर्देश



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की जांच में सामने आया है कि राष्ट्रीय राजधानी में पेट्रोल बम से आतंकी हमले की साजिश रच रहे आरोपी पाकिस्तान में बैठे अपने हैंडलरों से वीडियो कॉल के जरिए अंतिम निर्देश लेने वाले थे। योजना के मुताबिक, आरोपी दिल्ली के आनंद विहार और सिविल लाइंस इलाके में तय स्थानों पर पहुंचने के बाद वीडियो कॉल करते, ताकि हैंडलर मौके की स्थिति देखकर हमला कब और कैसे करना है, इसका अंतिम निर्देश दे सकें। बहरहाल हमले से पहले ही स्पेशल सेल ने आरोपियों को दबोचकर साजिश नाकाम कर दी। जांच अधिकारियों के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी दानिश उर्फ चांद मियां और सलमान ने यूट्यूब वीडियो देखकर पेट्रोल बम बनाना सीखा था। दोनों ने अपने खेत में पेट्रोल बम तैयार किए और उन्हें लेकर दिल्ली पहुंचे। शुरुआती पूछताछ में पता चला है कि उन्हें पुलिस प्रतिष्ठानों और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों को निशाना बनाने के निर्देश मिले थे।

सूत्रों के मुताबिक, हैंडलरों ने दोनों को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि लक्ष्य स्थल पर पहुंचने के बाद ही वीडियो कॉल शुरू करें। कॉल के दौरान पाकिस्तान में बैठे संचालक आसपास की सुरक्षा व्यवस्था, पुलिस की मौजूदगी और भीड़भाड़ का आकलन करते।

**खेल**

# आखिरी मिनट में टूटा रोनाल्डो का सपना

### मेरिनो के एक गोल ने पुर्तगाल को विश्व कप से किया बाहर

**डलास, (एजेंसी) फीफा विश्व कप 2026 के राउंड ऑफ-16 मुकाबले में स्पेन ने आखिरी पलों में गोल दागकर पुर्तगाल को 0-1 से हरा दिया। मैच का एकमात्र गोल मिकेल मेरिनो ने इंजरी टाइम (90+1वें मिनट) में किया। इस जीत के साथ स्पेन ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली, जबकि क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पुर्तगाल का टूर्नामेंट में सफर समाप्त हो गया।**

मैच के पहले हाफ में दोनों टीमों ने कई अच्छे मौके बनाए, लेकिन कोई भी उन्हें गोल में नहीं बदल सका। स्पेन के लिए मिकेल ओयारजाबाल के पास बढ़त दिलाने का बेहतरीन मौका था, लेकिन उनका शॉट लक्ष्य से बाहर चला गया। वहीं, गोलकीपर डियोगो कोस्टा ने एलेक्स बेना के शानदार कर्लिंग शॉट को बचाकर पुर्तगाल को शुरुआती झटका लगने से बचाया।



पुर्तगाल ने भी लगातार स्पेन की रक्षा पंक्ति पर दबाव बनाया। कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने कुछ अच्छे हमले किए, जबकि नूनो मेंडेस का डिफ्लेक्टेड शॉट क्रॉसबार से टकराकर लौट आया। इसके बावजूद पुर्तगाल पूरे मैच में गोल करने में नाकाम रही।

दूसरे हाफ में दोनों टीमें सतर्क रहीं और मुकाबला गोलरहित आगे बढ़ता रहा। ऐसा लग रहा था कि मैच अतिरिक्त समय में जाएगा, लेकिन 90+1वें मिनट में स्पेन के दो सब्स्टीट्यूट खिलाड़ियों ने मैच का फैसला कर दिया। फेरान टोरेस ने बेहतरीन पास दिया, जिस पर मिकेल मेरिनो ने शानदार फिनिश करते हुए स्पेन को 1-0 की बढ़त दिला दी। यही गोल अंत में निर्णायक साबित हुआ।

इस हार के साथ 41 वर्षीय क्रिस्टियानो रोनाल्डो का विश्व कप 2026 अभियान समाप्त हो गया। मैच से पहले ही रोनाल्डो ने कहा था कि यह उनके करियर का आखिरी फीफा विश्व कप होगा। उन्होंने अपने विश्व कप करियर में 27 मैचों में 11 गोल किए और लगातार छह अलग-अलग विश्व कप संस्करणों में गोल करने वाले पहले पुरुष फुटबॉलर बनने का रिकॉर्ड बनाया।

इस जीत के साथ स्पेन ने विश्व कप इतिहास में लगातार छह मैचों में क्लीन शीट (जब कोई टीम पूरे मैच या निर्धारित समय में विरोधी टीम को एक भी गोल करने नहीं देती है) रखने वाली पहली टीम बनने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। अब स्पेन क्वार्टर फाइनल में अमेरिका और बेल्जियम के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता टीम से भिड़ेगा।

**सिनेमा**

## धर्मेंद्र के जाने के बाद देओल परिवार में पड़ी फूट? हेमा मालिनी ने तोड़ी चुप्पी, बोलीं- हम दिखावा नहीं करते



हेमा मालिनी बॉलीवुड की दिग्गज अदाकारा हैं. उन्होंने अपने अभिनय और काम से सिनेमा की दुनिया में अलग पहचान बनाई है. उनकी निजी जिंदगी भी हमेशा सुर्खियों में रही है. धर्मेंद्र के निधन के बाद उन्होंने पहली बार अपने रिश्तों पर बात की. हेमा मालिनी से पूछा गया कि उनके लिए धर्मेंद्र का आखिरी मैसेज क्या था. आइए जानते हैं कि उन्होंने क्या जवाब दिया. हिंदी रश को दिए इंटरव्यू में हेमा मालिनी ने कहा कि मुझे धर्मेंद्र जी ने कहा था कि चाहें कुछ हो जाए परिवार के साथ रहो. कितना भी काम हो, लेकिन परिवार को पहले रखना है. उन्होंने सनी देओल और बॉबी देओल संग रिश्ते पर भी बात की. हेमा मालिनी ने कहा कि सनी और बॉबी बहुत अच्छे लड़के हैं. बॉबी बहुत अच्छा है. हम हमेशा साथ हैं. हम लोग पब्लिसिटी नहीं करते हैं. हम दिखावा नहीं करते हैं. हम आपस में बहुत अच्छे से रहते हैं. अंदर से हमारा एक जुड़ाव है. हम हैप्पी फैमिली हैं. हेमा मालिनी ने कहा कि धरम जी कभी अपनी पर्सनल लाइफ को बाहर लाना पसंद नहीं करते थे. इस इंटरव्यू में हेमा मालिनी से पूछा गया कि एक समय पर वो इंडस्ट्री की हाईएस्ट पेड एक्ट्रेसेस में शुमार थीं. इस पर उन्होंने कहा कि किसने कहा ये. मुझे बहुत छोटा अमाउंट मिलता था.

## Highlights

1. VHP urges SIT to question Opp'n leaders over Ram Mandir donation theft claims
2. Syama Prasad Mookerjee's statue vandalised in Kolkata before 125th birth anniversary
3. Devotee offerings at BKTC temples touch ₹80-85 crore annually
4. AAP sweeps Punjab's Jalalabad civic polls, ousts Congress
5. South Korean President's wallet gesture wins hearts online
6. Wipro employee loses job in a single HR call after 5.5 years

# Indian Railways' ₹499-cr rail doubling project to boost Bihar freight capacity



**NEW DEIHI, (Agency).** Indian Railways has approved a ₹499-crore doubling project for the 44.40-km Mansi-Saharsa section of East Central Railway in Bihar to enhance line capacity, improve operational efficiency and support growing passenger and freight traffic on the busy rail corridor.

The single-line section currently handles 24 pairs of passenger trains in each direction while transporting essential commodities including wheat, maize, cement, fertilisers, rice, sugar, salt, sand, ballast and stone.

With line capacity utilisation already at 108.11 per cent and projected to reach 119.34 per cent by 2028-29, the doubling project aims to ease congestion and improve punctuality. "The current line capacity utilisation has already reached 108.11% and is projected to increase to 119.34% by 2028-29, underscoring the urgent need for additional rail capacity. The doubling project will create additional line capacity, enabling smoother movement of both passenger and freight trains while reducing operational bottlenecks. The enhanced infrastructure will improve punctuality, increase operational flexibility and support future growth in rail traffic across the region," Ministry of Railways said in a statement.

The additional rail line will enable smoother train operations and facilitate handling of an additional 1.764 million tonnes per annum (MTPA) of freight traffic.

Indian Railways said the project will strengthen logistics for agriculture, construction and other industries while supporting faster, safer and more efficient transportation across Bihar.

# India's oil ministry vs Bhutanese news outlet over 'rejection' of E20 petrol

**NEW DEIHI, (Agency).** In a "Fact Check" posted on its official social media accounts, the ministry said: "Claims that Bhutan declined an offer to import E20 petrol from India are incorrect." It added, "No such offer has been made by the Oil Marketing Companies (OMCs), and there is no proposal for export of E20 petrol to Bhutan. Please rely only on official information from MoPNG and the Oil Marketing Companies."

The clarification came after reports, originating from the newspaper 'The Bhutanese' said the country's government had requested Indian public sector fuel suppliers to continue supplying regular petrol instead of ethanol-blended E20 fuel, because of concerns over storage infrastructure and fuel handling. The report was subsequently amplified by political leaders and social media users in India, with the Congress citing it while attacking the BJP-led Centre over its ethanol blending programme.

# पेंशन कार्ड बनवाने के नाम पर बुजुर्ग से ठगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। साइबर ठगी के तीन अलग-अलग मामले सामने आए हैं। ठगों ने पेंशन कार्ड बनवाने, मोबाइल हैक करने और सस्ती बाइक दिलाने का झांसा देकर तीन लोगों से कुल 4.57 लाख रुपए से अधिक की ठगी कर ली। तीनों मामलों में लसूडिया पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

लसूडिया थाना क्षेत्र की सेटेलाइट टाउनशिप निवासी 75 वर्षीय अखिलेश गायकवाड़ के पास 15 जून की शाम एक व्यक्ति ने खुद को बैंक ऑफ इंडिया का अधिकारी बताते हुए फोन किया। उसने पेंशनधारकों के लिए पेंशन कार्ड जारी करने की बात कही। चूंकि अखिलेश पहले इस कार्ड के लिए आवेदन कर चुके थे, इसलिए उन्होंने कॉल करने वाले पर भरोसा कर लिया। आरोपी ने बैंक खाते, एटीएम कार्ड और अन्य व्यक्तिगत जानकारी लेने के साथ ऑनलाइन फोटो भी लिया। इसके बाद बुजुर्ग का मोबाइल उसके नियंत्रण में चला गया। कुछ देर बाद उनके खाते से तीन अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए करीब 1.39 लाख रुपए निकाल लिए गए। घटना की जानकारी मिलते ही उन्होंने साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। एक अन्य मामले में स्लाइस-सी सेक्टर निवासी गोपाल वाकड़े के साथ साइबर ठगी हुई। 17 जून को उनका मोबाइल अचानक बंद हो गया। मोबाइल चालू करने पर उन्हें खाते से 44 हजार रुपए निकलने का पता चला। जब वह बैंक पहुंचे तो जानकारी मिली कि उनके खाते से 98 हजार रुपए का एक और ट्रांजेक्शन किया जा चुका है। इस तरह कुल करीब 1.42 लाख रुपए की ठगी हुई। गोपाल ने साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत की, जिसके बाद रविवार को लसूडिया पुलिस ने मामला दर्ज किया।

## विज्ञापन देख छात्रा से 1.76 लाख की ठगी

इधर, एक छात्रा के साथ ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। छात्रा ने इंस्टाग्राम पर दोपहिया वाहन खरीदने का एक विज्ञापन देखा, जिसके जरिए ठगों ने उससे करीब 1.76 लाख रुपए की ठगी कर ली।

पुलिस के मुताबिक, पूजा झमेले राजाबाग कॉलोनी में किराये से रहती है और मूल रूप से गंधवानी की रहने वाली है। 14 जून को उसने इंस्टाग्राम पर दोपहिया वाहन का एक ऑनलाइन विज्ञापन देखा, जिसमें 25 हजार रुपए में गाड़ी देने का दावा किया गया था। विज्ञापन में दिए गए नंबर पर संपर्क करने पर आरोपी ने बुकिंग के लिए 2 हजार रुपए जमा कराने को कहा। उसने बताया कि गाड़ी बाहर से ट्रांसपोर्ट के जरिए आएगी और डिलीवरी चार्ज नहीं लगेगा। इसके बाद आरोपी ने गाड़ी की फोटो भेजी और 11,500 रुपए ट्रांसपोर्ट चार्ज के नाम पर मांगे। इसके बाद आरोपियों ने अलग-अलग बहाने बनाकर छात्रा से कई बार पैसे ट्रांसफर करवाए। इस तरह पूजा के खाते से कुल करीब 1.76 लाख रुपए आरोपियों के खातों में ट्रांसफर करा लिए गए। जब काफी समय तक गाड़ी की डिलीवरी नहीं हुई, तब छात्रा को ठगी का एहसास हुआ। इसके बाद उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## 36 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ 3 गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। क्राइम ब्रांच ने 36 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ 3 लोगों को गिरफ्तार किया। वे बाइक की सीट के नीचे ब्राउन शुगर लेकर उसे बेचने की फिराक में घूम रहे थे। ब्राउन शुगर की अनुमानित कीमत 3 लाख 60 हजार रुपए है। क्राइम ब्रांच ने ब्राउन शुगर और बाइक सहित 4 लाख 10 हजार का माल जब्त किया है। टीम तीनों युवकों से पूछताछ कर रही है।



डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम को मुखबीर से सूचना मिली, जिसके बाद टीम ने सुपर कॉरिडोर सर्विस रोड पर घेराबंदी की और काले रंग की पल्सर बाइक पर सवार तीन लोगों को रोका। टीम ने पूछताछ कर उनकी तलाशी ली। टीम ने जब पूछताछ की तो उन्होंने अपने नाम मनिटा केवट उर्फ मणी उर्फ रियांशु पिता ओमप्रकाश निवासी न्यू रामनगर, बाणगंगा, आकाश पिता अनिल कौशल निवासी शुभम नगर, स्कीम नंबर 51 और ऋषि पिता निरंजन यादव निवासी शुभम नगर होना बताया। तीनों मजदूरी करते है। जब टीम ने उनकी बाइक की तलाशी ली तो बाइक की सीट के नीचे टीम को 36 ग्राम ब्राउन शुगर मिली। पूछताछ में पता चला कि वे उसे बेचने की फिराक में घूम रहे थे। टीम अब ये पता लगाने में लगी है कि तीनों ब्राउन शुगर कहां से लेकर आए थे और किन्हें सप्लाई करने जा रहे थे। इसके साथ ही टीम उनकी लिंक भी निकालने में लगी है। तीनों से पूछताछ की जा रही है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक